

## एक नजर में

### महापौर ने डिजिटल माध्यम से नगर निगम का 3 अरब 49 करोड़ 52 लाख पेश किया बजट



**बुरहानपुर।** महापौर द्वारा नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट डिजिटल माध्यम से प्रस्तुत किया गया। यह बजट आधुनिक तकनीक एवं पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम ह, जिससे आमजन को भी बजट की जानकारी सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगी। प्रस्तुत बजट के अनुसार कुल अनुमानित व्यय राशि 3,49,56,28,404 निर्धारित की गई हैए जबकि कुल आय 3,49,52,35,171 आंकी गई है। इस प्रकार नगर निगम को 3,93,233 की बचत दर्शाई गई है, जो वित्तीय अनुशासन एवं सुव्यवस्थित प्रबंधन का परिचायक है। महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि यह बजट शहर के समग्र विकास, आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता, जल आपूर्ति, सड़क निर्माण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। डिजिटल बजट प्रस्तुति से पारदर्शिता बढ़ेगी तथा नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित होगी। नगर निगम का यह बजट शहर के सतत विकास एवं नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार हेतु प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, एम आई सी चैयरमैन, संध्या राजेश शिवहरे, धनराज महाजन, भारत इंगले, संभाजी सगरे, अनिल विस्पुते, नितेश रोशन दलाल, महेंद्र इंगले, एजाज असरफी, कार्यपालन यंत्री प्रेम कुमार साहू, सहायक आयुक्त सुश्री स्वर्णिका वर्मा, सहायक आयुक्त रितेश पाटीदार, लेखा अधिकारी विक्रम पोरवाल, कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी, सहायक यंत्री अशोक पाटिल, गोपाल महाजन, निगम सचिव संजय शाह, वीरेंद्र रवाये, हरीश मोरे आदि उपस्थित थे।

### मोहम्मद फैज खान बुरहानपुर में करेंगे हनुमान कथा



इच्छेश्वर हनुमान मंदिर के कार्यक्रम में शामिल, रात में भजन संध्या

**बुरहानपुर।** छत्तीसगढ़ के मोहम्मद फैज खान बुधवार को बुरहानपुर पहुंचे। वे इच्छेश्वर हनुमान मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होने आए हैं। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में वे हनुमान कथा और भजन संध्या की प्रस्तुति देंगे। फैज खान ने इच्छेश्वर हनुमान मंदिर ट्रस्ट द्वारा नगर में निकाली गई बाइक रैली में मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। शाम को वे हनुमान कथा और भजन संध्या प्रस्तुत करेंगे। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए मोहम्मद फैज खान ने कहा कि उन्हें यहां दोबारा आने का अवसर मिला है। उन्होंने हनुमान जयंती पर बाइक रैली का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि रात में भजन संध्या और प्रवचन होंगे, जिसमें हनुमान जी की कथा प्रस्तुत की जाएगी। फैज खान ने इसे देश की खूबसूरती बताया कि इच्छेश्वर हनुमान मंदिर के कार्यक्रम में उन्हें वक्ता के तौर पर आमंत्रित किया गया है। इच्छेश्वर हनुमान मंदिर ट्रस्ट हर साल हनुमान जयंती पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। पिछले साल भी फैज खान इस समारोह में शामिल हुए थे। गौरतलब है कि मोहम्मद फैज खान एक कथावाचक हैं। वे गौकथाए हनुमानजी की कथा और भजन संध्या की प्रस्तुतियां देते हैं।

### बुरहानपुर जनगणना 2027 की तैयारी तेज, आज से फील्ड ट्रेनरों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण शुरू

**बुरहानपुर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण को डिजिटल रूप से संपन्न करने के लिए आज नगर निगम के एम आई सी हॉल में फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय दिनांक 1 अप्रैल से 3 अप्रैल 2026 तक जिला स्तरीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। इसमें मास्टर ट्रेनर्स द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को मोबाइल ऐप, मकान सूचीकरण प्रक्रिया और डेटा सुरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं, जो आगे प्रगणकों को प्रशिक्षित करेंगे। यह जानकारी प्रोजेक्टर के माध्यम से सभी ट्रेनर्स को जनगणना के प्रथम चरण की तैयारियों और प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण केंद्र में मास्टर ट्रेनर्स को अपर कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण, मकान सूचीकरण और मकानों की गणनाद्ध की तैयारी। फील्ड ट्रेनर्स को मोबाइल ऐप का उपयोगए मकानों की नंबरिंगए एचएलओ फॉर्म भरना और डेटा सत्यापन सिखाया जा रहा है। डिजिटल जनगणना प्रगणक और पर्यवेक्षक डिजिटल रूप से डेटा संकलित करेंगे, जिसके लिए फील्ड ट्रेनर्स को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। इन तीन दिवसीय फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये ट्रेनर तहसील और ब्लॉक स्तर पर प्रगणकों को प्रशिक्षित करेंगे। ट्रेनिंग के दौरान अपर कलेक्टर व जिला पंचायत सीईओ सृजन वर्मा जिला जन गणना अधिकारी निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कार्मिकों को संबोधित करते हुए जनगणना 2027 के प्रथम चरण से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रक्रिया हैए जिसके माध्यम से देश की जनसंख्याए आवासीय स्थिति तथा सामाजिक.आर्थिक आंकड़ों का सटीक आकलन किया जाता है।

### प्रवेशोत्सव : विद्यार्थियों को वितरीत की कॉपी-किताबें



**नेपानगर।** जिलेभर में बुधवार को नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने पर शालाओं में उत्साह का माहौल रहा। विद्यार्थियों का पहले दिन स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया गया। इसी तरह नगर में में स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी प्रवेशोत्सव मनाया गया मुख्य अतिथि के बतौर नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटिल मौजूद थीं। उन्होनें और शिक्षकए शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। नि:शुल्क पुस्तकें भी वितरीत की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने गीतए कविताए स्लोगन का वाचन किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष भारती पाटिल ने विद्यर्थियों से कहा कि शिक्षा से ही सफलता मिलती है। शिक्षा अनुशासित रहकर हासिल करना चाहिए। वहीं प्राचार्य अरूण महाजन ने शासन की योजनाओं के बारे में बताया। विद्यार्थियों को नियमित रूप से उपस्थित रहने को कहा गया।

# बूथ स्तर तक मनाएंगे भाजपा का स्थापना दिवस : भट्ट

### भाजपा कार्यालय के लिए भूमिपूजन 6 अप्रैल को, घर-घर फहराया जाएगा भाजपा ध्वज





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी की संगठनात्मक बैठक बुधवार को स्व. परमानंद गोविंदजीवाला ऑडीटोरीयम में आयोजीत की गई। इस बैठक में जिले के प्रभारी क्षितिज जी भटट, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री, बुरहानुपर विधायक अर्चना चिटनिस दीदी, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, महापौर माधुरी अतुल पटेल, पूर्व विधायक एवं प्रदेश अनुसूचित जाती मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा कास्डेकर, महामंत्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, संजय जाधव मंचासीन थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं दिन दयालजी उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुवा।

बैठक को संबोधित करते हुवे जिले के प्रभारी क्षितिज भटट ने 6 अप्रेल 2026 को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मनाए जाने, 5,6 एवं 7 अप्रेल को प्रत्येक विधानसभा के 50-50 गांव में पार्टी के नेता, समर्थक एवं कार्यकर्ताओं के यहा जाकर मिलने और पार्टी का ध्वज लगाने का अभियान, 6 अप्रेल को ही प्रदेश के 18 जिलो के भाजपा कार्यालय के भुमिपूजन के साथ बुरहानुपर भाजपा कार्यालय का भूमिपूजन किए जाने संबंधी जानकारी एवं किस तरह कार्यक्रम आयोजीत करे इसकी रूपरेखा प्रस्तुत की। आपने ध्वजारोहण की सेल्फी सोशल साईडो पर प्रसारीत करने की बात भी कही। आपने कहा कि मंडल प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा शासन में हुवे विकास कार्यो की प्रदर्शनी लगाई जाए, ताकि कार्यकर्ता एवं जनमानस को पता चल सके की भाजपा और विकास एक दुसरे के पर्याय है।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने कहा कि भाजपा अपना स्थापना दिवस 6 अप्रेल को धुमधाम से मनाएगी। यह कार्यक्रम बुथ स्तर तक होगा। इसके लिए 25-25 पार्टी कार्यकताओं की सूचि बनाकर आतिशबाजी, मिठाई वितरण एवं जनसंध से वर्तमान भाजपा की सफल यात्रा का वर्णन पार्टी पदाधिकरी एवं वक्ता करेगें। आपने भाजपा कार्यालय के भूमिपूजन को लेकर अपनी बात रखते हुवे कहा कि यह पल हम भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गौरवान्वीत करने वाला होगा। स्थापना से अब तक के समस्त पार्टी से जुडे, नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थक सादर आमंत्रीत रहेगें। आपने भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रिय संगठन महामंत्री श्री अजय जी जामवाल के 2 अप्रेल को बुरहानपुर जिले के 2 मंडलो के कार्यक्रम में शामील होने की जानकारी दी।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री, बुरहानुपर विधायक अर्चना चिटनिस दीदी ने अपने उदबोधन में कहा कि बुरहानपुर का भाजपा कार्यकर्ता समर्पीत और पार्टी के प्रति ईमानदार कार्यकर्ता है। हम नेताओं को यहां तक पहुचाने में उनकी भूमिका और उनका योगदान अतुलनीय है। आपने कहा कि म.प्र. भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रिय संगठन महामंत्री श्री अजय जी जामवाल 2 अप्रेल को बुरहानपुर पधार रहे है। आप बुरहानपुर विधानसभ के शाहपुर एवपं फोफनार मंडल के प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम में शामील होगें। आपने आजीवन सहयोग निधी को लेकर भी समीक्षा की। आपने जनसंध से लगाकर वर्तमान में भाजपा के कार्यकाल का स्मरण करते हुवे स्व.अटलबिहारी वाजपयीजी द्वारा भाजपा के प्रथम अधिवेशन में कही गई बात को भी दोहराते हुवे उसे एतिहासीक पल करार दिया। कार्यक्रम की भूमिका महामंत्री संजय जाधव द्वारा विस्तार से रखी गई।

पूर्व महापौर द्वय अतुल भाई पटेल, अनिल भोसले, पूर्व जिलाध्यक्ष दिलिपभाई श्रॉफ, जिला एवं मंडल पदाधिकारी, मोर्चा के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधीयों सहित अपेक्षित कार्यकर्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री चिंतामन महाजन द्वारा एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री ईश्वर चौहान ने माना।

## सूखा कचरा इकाई, मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी का निरीक्षण






### स्वच्छता प्रबंधन कार्यों की सराहना की...

**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025.26 के अंतर्गत नगर परिषद् शाहपुर द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउंड में सूखा कचरा प्रसंस्करण ईकाई मटेरियल रिकवरी फेसिलिटी सेंटर ;क्षमता 6 टीपीडीद्ध प्रसंस्करण इकाईयों का बुधवार को विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिसए जिला पंचायत अध्यक्ष श्री गंगाराम मार्को, अन्य जन प्रतिनिधिगण, कलेक्टर हर्ष सिंह सहित अन्य अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया।

नगर के संचालित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान जन प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा डोर.टू.डोर कचरा संग्रहणए कचरे के पृथक्करण ;गीला एवं सूखाद्धए तथा प्रसंस्करण इकाइयों में किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की सराहना की गई। उन्होंने विशेष रूप से गीले कचरे के कम्पोस्टिंग एवं सूखे कचरे के पुनर्चक्रण ;रिसाइक्लिंगद्ध की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने पर बल दिया।

प्रसंस्करण इकाईयों में सेग्रिकेटेट कचरे के प्रसंस्करणए गीले कचरे एवं फूलों से जैविक खाद बनाने की विधि एवं स्थानीय किसानों को विक्रय की जानकारी साथ ही सूखे कचरेए प्लास्टिक आदि को कबाड़ी वालो को बेचने की जानकारी अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री तिवारी द्वारा दी गई।

नगर के घरों से निकलने वाले गीले कचरे एवं नगर परिषद द्वारा प्रत्येक मंगलवार को धार्मिक स्थलों एवं घरों से निकलने वाली पूजन सामग्री.जैसे फूल.पत्ती व अन्य जैविक अवशेषों का विशेष संग्रहण किया जाता है। इस सामग्री से कम्पोस्ट पद्धति के माध्यम से जैविक खाद तैयार की जाती है। यह खाद किसानों को कम मूल्य पर उपलब्ध कराई जा रही हैए जिससे खेती में रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता घटती है और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार होता है।

विधायक अर्चना चिटनिस ने नगर परिषद् द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में शाहपुर को एक आदर्श नगर के रूप में स्थापित करने हेतु सभी को मिलकर कार्य करना होगा। साथ ही आगामी दिनों में ट्रोमेल मशीन स्थापित होने पर भविष्य में शाहपुर के साथ.साथ ग्रामीण क्षेत्र के कचरे का प्रसंकरण भी शाहपुर प्रसंस्करण इकाइयों वृहद स्तर पर होने की बात कही गयी। अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार लाया जाए तथा शहर को स्वच्छए सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखने के लिए नवाचारों को अपनाया जाए। कलेक्टर सिंह ने निर्देशित किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग प्राप्त करने को सभी मापदंडों का पालन सुनिश्चित किया जाए तथा नागरिकों की सहभागिता को बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान को और तेज किया जाए।

## विविध गोष्ठियों का होगा आयोजन




**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में 100 वर्ष की संघ यात्रा मनाई जा रही है। इसी क्रम में बुरहानपुर नगर में दिनांक 04, 05 एवं 06 अप्रैल को विभिन्न वर्गों हेतु जन गोष्ठी कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

संघ की यह शताब्दी यात्रा राष्ट्र चिंतन एवं पुनर्निर्माण के संकल्प को समर्पित है। इस अभियान के माध्यम से संघ द्वारा समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क स्थापित कर संवाद को सशक्त बनाया जा रहा है।

कार्यक्रम की श्रृंखला में दिनांक 04 अप्रैल शनिवार को प्रमुख महिला गोष्ठीष् का आयोजन सायं 4.30 बजे स्व.परमानंदजी गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस अवसर पर संघ के मा.प्रांत संघ चालक श्री प्रकाशजी शास्त्री मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

दिनांक 05 अप्रैल को प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन सायं 5.30 बजे गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में होगा। कार्यक्रम में संघ के माननीय क्षेत्र संपर्क प्रमुख श्री प्रवीण जी गुप्त मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे।

इसी क्रम में दिनांक 06 अप्रैल को प्रमुख युवा गोष्ठी का आयोजन सायं 5.30 बजे गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में संघ के माननीय क्षेत्र प्रचारक श्री प्रेम शंकर जी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## नवागत न्यायाधीश का किया सम्मान



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बुरहानपुर के पैरालीगल वालेनटियर्स ने नवागत पदस्थ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती विधि सक्सेना से सौजन्य भेंट कर चर्चा की एवं भावभीना स्वागत किया। भेट दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदया ने कहा कि हम सबको साथ में लेकर कार्य कर माननीय न्यायालय की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बैठे हुये जरूरतमंद पात्रधारियों को प्राप्त हो। साथ ही सामुदायिक मध्यस्थता कार्यकम पर भी कार्य करना है। भेंट अवसर के दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय बुरहानपुर के प्रेमदीप सांकला व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठखंड ध्सचिवए वरिष्ठ पैरालीगल वालेटियर्स व कुट्म्ब न्यायालय परामर्शदाता महेन्द्र जैनए डॉ0 फैजिया सोडावालाए डॉ किरण सिंह ए रजनी गट्टानी एअल्मास खान एइस अवसर पर उपस्थित थे।

## एनपीएस का विरोध, कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधी, सम्मानजनक पेंशन की मांग



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** बुरहानपुर में संयुक्त मोर्चा ने 1 अप्रैल को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली एनपीएस के विरोध में काला दिवस मनाया। कर्मचारियों ने एनपीएस योजना में संशोधन की मांग कीए जिसे लागू हुए एक वर्ष पूरा हो गया है। नेशनल मूवमेंट के प्रांतीय संयोजक और प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने केंद्र और मध्य प्रदेश सरकार से एनपीएस योजना में संशोधन की अपील की।

उन्होंने मांग की कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अंतिम महीने के वेतन का आधा हिस्सा, महंगाई भत्ते सहितए पेंशन के रूप में दिया जाए ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। दीक्षित ने बताया कि एनपीएस योजना लागू करते समय कर्मचारियों को बड़े लाभ का आश्वासन दिया गया था। हालांकि सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के अनुभव बताते हैं कि उन्हें पर्याप्त लाभ नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों के अनुसार एनपीएस योजना के तहत सेवानिवृत्ति पर 60 प्रतिशत राशि एकमुश्त वापस की जाती है। शेष 40 प्रतिशत राशि को बाजार आधारित निवेश में रखा जाता हैए जिससे मासिक पेंशन मिलती है। इस व्यवस्था के कारण कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मात्र 600ए 812ए 2000 या 2500 रुपये जैसी बहुत कम मासिक पेंशन मिल रही है। इतनी कम राशि से बुढ़ापे में जीवनयापन करना और बीमारियों का खर्च उठाना मुश्किल हो रहा है। कर्मचारियों ने सरकार से एनपीएस योजना पर पुनर्विचार करने और इसमें आवश्यक संशोधन करने का आग्रह किया है। संयुक्त मोर्चा ने कर्मचारी और अधिकारियों से कार्यस्थल पर काली पट्टी बांधकर काम करने का कहा।

### राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन

**बुरहानपुर।** शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के प्रथम कार्यालयीन दिवस पर राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में माह अप्रैलए 2026 के प्रथम कार्यालयीन दिवस पर कलेक्ट्रेट कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान जन-गण-मन और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियो-कर्मचारियों ने एकताए देशभक्ति एवं राष्ट्रीय प्रेम की भावना के साथ सहभागिता की।

**एक नजर** विधायक अर्चना चिटनिस के मुख्य अतिथि में प्रवेशोत्सव का भव्य शुभारंभ...

## एक सच्चा शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देता, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का करता निर्माण...





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में 1 अप्रैल से प्रदेशभर में ष्स्कूल चले हम राज्य स्तरीय प्रवेशोत्सव अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़नाए शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विशेष रूप से बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।

इसी क्रम में बुरहानपुर जिले के शाहपुर स्थित सीताबाई रामचन्द्रराव देशमुख संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम अत्यंत उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। इस दौरान मुख्यमंत्री के वर्चुअल उद्बोधन का सामूहिक श्रवण भी किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्चना चिटनिस ने शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो व्यक्ति के जीवन को दिशा देने के साथ.साथ समाज और राष्ट्र के समग्र विकास की आधारशिला तैयार करता है। इस दौरान उन्होंने छात्राओं के बीच पहुंचकर आत्मीय संवाद किया तथा उनसे उनके पसंदीदा विषय, भविष्य के लक्ष्य, पढ़ाई में आने वाली चुनौतियों और सपनों को लेकर प्रश्न किए। छात्राओं ने उत्साह और आत्मविश्वास के साथ उत्तर दिए, जिससे कार्यक्रम का वातावरण जीवंत, प्रेरणादायक बन गया।

विधायक अर्चना चिटनिस ने कहा कि शिक्षक वह होता है, जो शिष्य के सामने आकाश को और विस्तृत कर दे तथा उसके जीवन की संभावनाओं को नई दिशा प्रदान करे। उन्होंने कहा कि एक सच्चा शिक्षक केवल ज्ञान नहीं देता, बल्कि वह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का निर्माण करता है। उन्होंने आगे कहा कि गुरु और शिष्य का संबंध अत्यंत पवित्र होता है। जिस प्रकार एक मां अपने गर्भ में बच्चे का पालन.पोषण करती है, उसी प्रकार गुरु अपने भीतर शिष्य को गढ़ता है, उसे शिक्षित करता है और अपने ज्ञान से उसका मार्गदर्शन करता है। गुरु अपने अनुभव और ज्ञान का संचार कर शिष्य को समाज के लिए उपयोगी बनाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अंतिम लक्ष्य ऐसे व्यक्तित्व का निर्माण होना चाहिए, जो जीवन की कठिन परिस्थितियों और विपरीत परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना कर सके। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ें और समाज व राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि स्कूल चले हम अभियान केवल नामांकन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर बच्चे को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का एक व्यापक सामाजिक संकल्प है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजें और उनकी शिक्षा में सक्रिय सहयोग करें। विशेष रूप से उन्होंने बालिका शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि शिक्षित बेटियां ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की सशक्त आधारशिला हैं।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं का पारंपरिक रूप से तिलक कर स्वागत किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही पाठ्यपुस्तकें, नि:शुल्क साइकिल एवं विद्यालयी ड्रेस का वितरण किया गया। कक्षा 5वीं एवं 8वीं के मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गएए जिससे अन्य विद्यार्थियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के प्रति प्रेरणा जागृत हुई। यह प्रवेशोत्सव कार्यक्रम शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ.साथ बच्चों में आत्मविश्वासए प्रेरणा और लक्ष्य के प्रति समर्पण की भावना जागृत करने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ। ष्स्कूल चले हमष् अभियान के माध्यम से जिले में शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की नई दिशा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है।

इस अवसर पर कलेक्टर हर्ष सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र तिवारी, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल चौधरी, नरहरी दीक्षित, संभाजीराव सगरे, गजेन्द्र पाटिल, विनोद चौधरी, अशोक निकम, रवि जैन, प्रविण टेंभुर्णे, पवन बडोले, ताजउद्दीन शेख, प्रकाश महेश्री, शाकिर शेख, राजाराम महाजन, मनोज चौधरी, स्वप्निल पाटिल, मयूर पाटिल, सहित जनप्रतिनिधि, पार्षद, शिक्षक. शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।